अमर उजाला 20/10/2022

# चंडीगढ़ चैनल का दौरा कर जीएमएन कॉलेज के छात्रों ने जानी कार्यप्रणाली



**गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी के मास कम्युनिकेशन और वीडियो प्रोडक्शन विभाग के छात्र व शिक्षक।** संवाद

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के मास कम्युनिकेशन और वीडियो प्रोडक्शन विभाग द्वारा चंडीगढ़ में एक चैनल का दौरा करवाया गया। जिसमें 15 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को इस प्रकार के अनुभव करते रहना चाहिए और इसी प्रकार के अनुभव बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग की सहायक प्रो. सोनम साहू ने बताया कि विभाग पहले भी इस प्रकार के दौरे करवाता रहा है और आगे भी करवाते रहेगा। इस तरह के दौरो से छात्रों को मीडिया क्षेत्र में हो रहे नए तकनीकी कौशल का ज्ञान मिलता है, जिससे बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इन दौरे के माध्यम से मीडिया के अंदर नए-नए गुणों को छात्र इस तरह आगे भी सीखते रहे, महाविद्यालय का यही उद्देश्य है।

चैनल के चीफ एडिटर डॉ. नासिर ने स्टूडियो में समाचार किस प्रकार प्रस्तुत किए जाते हैं और उनकी क्रमवर प्रक्रिया कैसे होती है, उससे छात्रों को अवगत करवाया। इस दौरे में उपस्थित प्रो. सीए, डॉ. अजय डोगरा एवं प्रो. सोनम साहू आदि मौजूद रहे। संवाद